Regarding need to establish CGHS Wellness Centre in Bhilwara, Rajasthan-Laid

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) **:** वर्तमान में भीलवाड़ा और आस पास के क्षेत्रों में केन्द्र सरकार के 30 से ज्यादा विभाग कार्यरत है । ज्ञात हो कि वर्तमान में भीलवाड़ा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु न तो कोई सी.जी.एच.एस. वेलनेस सेंटर है और न ही कोई सी.जी.एच.एस. अनुबंधित अस्पताल है जिस कारण लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मजबूरन भीलवाड़ा से 560 किलोमीटर दूर दिल्ली, 415 किलोमीटर दूर अहमदाबाद या फिर 250 किलोमीटर दूर जयपुर जाना पड़ता है । आपातकाल की स्थिति में रोगियों को इतना लम्बा सफर तय करना जानलेवा साबित हो जाता है । आपातकाल के समय गैर अनुबंधित अस्पतालों में इलाज का भारी भरकम खर्चा देने के बाद इन लाभार्थियों को पूरा खर्चा वापस मिलने के बजाए सी.जी.एच.एस. के तय रेट पर ही मिलता है जो कि गैर अनुबंधित अस्पताल द्वारा लिए गए इलाज शुल्क से काफी कम दर पर होता है । इस कारण से इन लाभार्थियों को भारी भरकम आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि भीलवाड़ा में सी.जी.एच.एस. वैलनेस सेंटर खुलवाने तथा प्राइवेट अस्पतालों को सी.जी.एच.एस. द्वारा जल्द से जल्द अनुबंधित करने की कृपा करें ।